भारतीय जनता पार्टी

(केंद्रीय कार्यालय)

6A, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

02 अप्रैल 2021, शुक्रवार

केंद्रीय गृह मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह द्वारा पश्चिम बंगाल के सीतलकुची और कालचिनी में आयोजित विशाल जन-सभाओं में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु

पश्चिम बंगाल में हुए पहले दो चरण के मतदान से यह स्पष्ट हो गया है कि तृणमूल कांग्रेस बुरी तरह हार रही है और भारतीय जनता पार्टी 60 में से 50 से अधिक सीटें भारी अंतर से जीत रही है। दीदी खुद नंदीग्राम से चुनाव हार रही हैं।

****

ममता दीदी, पश्चिम बंगाल की जनता को डराती है कि खेला होबे। दीदी, हम आपके खेला से नहीं डरते हैं। आपकी जितनी ताकत लगाना हो, लगा लीजिये, हमारे कार्यकर्ता टक्कर लेने के लिए तैयार खड़े हैं। दो चरणों के मतदान में बंगाल की मातृशक्ति ने ममता दीदी के गुंडों को उलटे पैर भगाया है।

****

ममता दीदी तीन 'टी' (Three 'T') अर्थात् तानाशाही, तोलाबजी और तुष्टिकरण के मॉडल पर सरकार चला रही हैं जबकि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी तीन 'वी' (Three 'V') अर्थात् विकास, विश्वास और व्यापार के आधार पर सरकार चला रहे हैं।

****

दीदी बंगाल की जनता के बजाय भतीजा कल्याण में विश्वास करती हैं जबकि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी पूरे बंगाल के कल्याण में विश्वास करते हैं। मुझे विश्वास है कि बंगाल की जनता भतीजा कल्याण वाली तृणमूल कांग्रेस की जगह बंगाल का कल्याण करने वाली भाजपा के पक्ष में मतदान करेगी।

****

पश्चिम बंगाल में जनता को हर काम के लिए तृणमूल कांग्रेस के कैडरों को कट मनी देना पड़ता है चाहे वह घर बनाना हो, एडमिशन हो, जॉब हो या फिर कोई अन्य काम लेकिन 02 मई को भाजपा सरकार बनने के बाद पश्चिम बंगाल की जनता को कोई कट मनी नहीं देना पड़ेगा।

****

दीदी, आपका पश्चिम बंगाल से जाने का समय आ गया है, अब आप बच नहीं सकती। ममता दीदी ने उत्तर बंगाल के साथ हमेशा अन्याय किया है, इसलिए दीदी को उत्तर बंगाल से डर लगता है।

****

कूच बिहार कोलकाता से केवल 700 किमी की दूरी पर है लेकिन दीदी के दिल से 7,000 किमी दूर है।

****

बंगाल में हमारी सरकार आते ही यहाँ की जनता को आयुष्मान भारत और किसान सम्मान निधि का लाभ मिलना शुरू हो जाएगा। हमारी सरकार बनते ही किसान सम्मान निधि के तहत बकाये किस्तों और अगली क़िस्त के रूप में राज्य के हर किसान के एकाउंट में 18,000 रुपये ट्रांसफर किये जायेंगे।

****

वर्षों से राजवंशी परिवार के साथ जो अन्याय हुआ है, सौतेला व्यवहार हुआ है, मदन मोहन मंदिर के मेले के साथ जो अन्याय किया गया है, इसे ख़त्म करने का एक ही उपाय है और वह है पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की पूर्ण बहुमत की सरकार बनाना।

****

पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने पर हमारी सबसे प्रमुख प्राथमिकता उत्तर बंगाल के विकास की होगी। हम उत्तर बंगाल के विकास के लिए उत्तर बंगाल विकास बोर्ड का गठन करेंगे जिसके माध्यम से हर साल 2,000 करोड़ रुपये का विकास कार्य इस क्षेत्र में किया जाएगा।

****

हम नारायणी सेना के सम्मान में एक नारायणी बटालियन की स्थापना करेंगे। उत्तर बंगाल में एक केंद्रीय विश्वविद्यालय और एक एम्स की स्थापना की जायेगी। भाजपा की सरकार बनने के 6 माह के भीतर ही चाय बागान के सिनकोना गार्डन फारेस्ट विलेज और डीआई आदि के निवासियों को भूमि का पट्टा दे दिया जाएगा।

****

पश्चिम बंगाल में हमारी सरकार बनने पर गोरखा की सभी ग्यारह उप-जातियों को आदिवासी स्टेटस देने के लिए कार्य किया जायेगा। दार्जिलिंग हिल्स, सिलीगुड़ी, तराई आदि क्षेत्रों के मुद्दों के स्थायी राजनैतिक समाधान की दिशा में प्रयास किये जायेंगे।

****

नेपाली और राजवंशी भाषाओं राज्य की सह-भाषा बनाई जाएगी। नेपाली भाषा की फिल्मों को बढ़ावा देने के लिए पांच करोड़ रुपये के पुरस्कार दिए जायेंगे। नेपाली भाषा की फिल्मों को सब्सिडी दी जायेगी और नेपाली भाषा में एक रेडियो चैनल की भी शुरुआत की जायेगी।

****

पश्चिम बंगाल में भाजपा की सरकार बनते ही सरकारी कर्मचारियों को सातवाँ वेतन आयोग का लाभ दिया जाएगा। शरणार्थियों को सम्मान के साथ भारत की नागरिकता देने का काम भाजपा सरकार करेगी। एसआईटी गठित कर सभी भ्रष्टाचारियों को क़ानून के दायरे में जेल की सलाखों के पीछे डाला जाएगा।

****

तृणमूल सरकार में 130 से अधिक भाजपा कार्यकर्ताओं की निर्मम हत्या कर दी गई है, उन सभी हत्यारों को जेल की सलाखों के पीछे पहुंचाया जाएगा। तृणमूल सरकार में गोरखा भाइयों पर भी अत्याचार हुए हैं, गलत काम करने वाले किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

****

पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने पर केजी से लेकर पीजी तक छात्राओं की शिक्षा मुफ्त होगी। साथ ही, माताओं-बहनों को बस में आने-जाने के लिए टिकट नहीं लेना पड़ेगा। भाजपा की सरकार बनते ही पश्चिम बंगाल को घुसपैठ मुक्त प्रदेश बनाया जाएगा।

****

केंद्रीय गृह मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह ने आज शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के सीतलकुची और कालचिनी में आयोजित विशाल जन-सभाओं को संबोधित किया और राज्य की जनता से तोलाबाजी, तुष्टिकरण और तानाशाही की पर्याय बन चुकी तृणमूल कांग्रेस को जड़ से उखाड़ कर बंगाल की संस्कृति की रक्षा एवं विकास के प्रति समर्पित भारतीय जनता पार्टी की पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने की अपील की। कालचिनी में उन्होंने गलवान घाटी में शहीद विपुल रॉय और राजीव थापा को नमन किया।

श्री शाह ने कहा कि **पश्चिम बंगाल में हुए पहले दो चरण के मतदान से यह स्पष्ट हो गया है कि तृणमूल कांग्रेस बुरी तरह हार रही है और भारतीय जनता पार्टी 60 में से 50 से अधिक सीटें भारी अंतर से जीत रही है। दीदी खुद नंदीग्राम से चुनाव हार रही हैं।** अब पता चल रहा है कि दीदी के सलाहकार उनसे किसी और सीट से चुनाव लड़ने की सलाह दी है लेकिन दीदी उत्तर बंगाल से लड़ना नहीं चाहती क्योंकि उन्हें लगता है कि नंदीग्राम की तरह उत्तर बंगाल से भी उनका चुनाव हारना तय है। **दीदी, आपका पश्चिम बंगाल से जाने का समय आ गया है, अब आप बच नहीं सकती। पहले कांग्रेस, फिर कम्युनिस्ट और पिछले 10 सालों से ममता दीदी ने उत्तर बंगाल के साथ हमेशा अन्याय किया है। दीदी को उत्तर बंगाल से डर लगता है।** उत्तर बंगाल में राजनीतिक हिंसा ने अपनी जड़ें जमा ली हैं लेकिन **02 मई को बंगाल में भाजपा की सरकार बनते ही बंगाल से राजनीतिक हिंसा का दौर हमेशा के लिए**

समाप्त हो जाएगा। वर्षों से राजवंशी परिवार के साथ जो अन्याय हुआ है, सौतेला व्यवहार हुआ है, मदन मोहन मंदिर के मेले के साथ जो अन्याय किया गया है, इसे ख़त्म करने का एक ही उपाय है और वह है पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की पूर्ण बहुमत की सरकार बनाना।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि **ममता दीदी, पश्चिम बंगाल की जनता को डराती है कि खेला होबे। दीदी, हम आपके खेला से नहीं डरते हैं। आपकी जितनी ताकत लगाना हो, लगा लीजिये, हमारे कार्यकर्ता टक्कर लेने के लिए तैयार खड़े हैं। दो चरणों के मतदान में पश्चिम बंगाल की मातृशक्ति ने ममता दीदी के गुंडों को उलटे पैर भगाया है।** मेरा विश्वास कीजिये, डरने की कोई जरूरत नहीं है कि कोई भी गुंडा इस बार आपको परेशान नहीं कर पायेगा।

श्री शाह ने कहा कि देश के 50 करोड़ लोगों को आयुष्मान भारत और लगभग 11 करोड़ किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ मिल रहा है लेकिन ममता दीदी की सरकार इन गरीब-कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से पश्चिम बंगाल की जनता को वंचित रखने का पाप कर रही हैं। **बंगाल में हमारी सरकार आते ही पश्चिम बंगाल की जनता को आयुष्मान भारत और किसान सम्मान निधि का लाभ मिलना शुरू हो जाएगा। हमारी सरकार बनते ही किसान सम्मान निधि के तहत बकाये किस्तों और अगली क़िस्त के रूप में राज्य के हर किसान के एकाउंट में 18,000 रुपये ट्रांसफर किये जायेंगे।** साथ ही, पश्चिम बंगाल की भाजपा सरकार भी किसानों को अलग से कृषक सुरक्षा योजना के तहत हर वर्ष 4,000 रुपये की आर्थिक सहायता देगी।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि **कूच बिहार कोलकाता से केवल 700 किमी की दूरी पर है लेकिन दीदी के दिल से 7,000 किलोमीटर दूर है।** दीदी को न तो उत्तर बंगाल में कनेक्टिविटी की चिंता है, न सड़कों की, न ही स्वास्थ्य की। उत्तर बंगाल का यह इलाका तंबाकू उत्पादन के लिए जाना जाता है लेकिन किसानों को तंबाकू का भाव अच्छा मिले, इसके लिए तृणमूल कांग्रेस की सरकार ने कुछ भी नहीं किया। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार ने सीतलकुची से खाली सिमरी तक रोड बनाने के लिए 22 करोड़ रुपये दिए हैं लेकिन आज तक रोड नहीं बना क्योंकि ममता दीदी राजवंशी समाज की प्रगति देखना ही नहीं चाहती। यहाँ सड़कों की हालत काफी जर्जर है, सालों भर जल-भराव होता है लेकिन दीदी का हेलिकॉप्टर यहाँ की स्थिति देखने कभी भी नहीं आता। लेकिन, चिंता मत कीजिये, 02 मई को दीदी पश्चिम बंगाल से जा रही हैं और उत्तर बंगाल के भी अच्छे दिन आ रहे हैं।

श्री शाह ने कहा कि **पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने पर हमारी सबसे प्रमुख प्राथमिकता उत्तर बंगाल के विकास की होगी। हम उत्तर बंगाल के विकास के लिए उत्तर बंगाल विकास बोर्ड का गठन करेंगे जिसके माध्यम से हर साल 2,000 करोड़ रुपये का विकास कार्य इस क्षेत्र में किया जाएगा। हम नारायणी सेना के सम्मान में एक नारायणी बटालियन की स्थापना करेंगे।** उत्तर बंगाल के इस क्षेत्र में एक भी केंद्रीय विश्वविद्यालय नहीं है। **पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने पर केंद्र सरकार के सहयोग से यहाँ केंद्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना की जायेगी। पश्चिम बंगाल में भाजपा की सरकार बनने के 6 माह के भीतर ही चाय बागान के सिनकोना गार्डन फारेस्ट विलेज और डीआई आदि के निवासियों को भूमि का पट्टा देने का काम पूरा कर लिया जाएगा।**

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि ममता दीदी पश्चिम बंगाल में कभी भी घुसपैठ नहीं रोक सकतीं, यह केवल और केवल भारतीय जनता पार्टी की सरकार ही रोक सकती है। **मैं आपसे वादा करता हूँ कि भाजपा की सरकार बनते ही पश्चिम बंगाल को घुसपैठ मुक्त प्रदेश बनाया जाएगा। हम उत्तर बंगाल में अन्नदाता मेगा फ़ूड पार्क और एक टी पार्क की भी स्थापना करेंगे। 500 करोड़ रुपये की लागत से हॉर्टिकल्चर का विकास किया जाएगा। 250 करोड़ रुपये की लागत से ठाकुर पंचानन बर्मन के सम्मान में एक बहुत भव्य स्मारक का निर्माण किया जाएगा ताकि आने वाली पीढियां उनसे प्रेरणा ले सके। 500 करोड़ रुपये के खर्च से पश्चिम बंगाल में बनने वाली भाजपा सरकार कूचबिहार के विराट रास मेले को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति दिलाने के लिए कार्य करेगी। कूच बिहार में एक एम्स स्थापित किया जाएगा। साथ ही, 10,000 करोड़ रुपये से कादंबिनी गांगुली हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलप किया जाएगा। पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने पर केजी से लेकर पीजी तक छात्राओं की शिक्षा मुफ्त होगी। साथ ही, माताओं-बहनों को बस में आने-जाने के लिए टिकट नहीं लेना पड़ेगा।** हमने तय किया है बागडोगरा हवाई अड्डे को इंटरनेशनल हवाई अड्डे की तर्ज पर विकसित किया जाएगा।

श्री शाह ने कहा कि **पश्चिम बंगाल में हमारी सरकार बनने पर गोरखा की सभी ग्यारह उप-जातियों को आदिवासी स्टेटस देने के लिए कार्य किया जायेगा।** 2017 तक चाय बागानों में काम करने वाले मजदूरों को केवल 176 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से मजदूरी दी जा रही थी। हम इसे 350 रुपये तक बढ़ाएंगे। असंगठित मजदूरों के कल्याण के लिए एक बोर्ड बनाया जाएगा। इस बार के बजट में चाय बागान में काम करने वाले लोगों के लिए 1,000 करोड़ रुपये का फंड आवंटित किया गया है। जैविक उत्पादनों को बढ़ावा देने के लिए 500 करोड़ रुपये का एक कोष बनाया जाएगा। **दार्जिलिंग हिल्स, सिलीगुड़ी, तराई आदि क्षेत्रों के मुद्दों के स्थायी राजनैतिक समाधान की दिशा में प्रयास किये जायेंगे। नेपाली और राजवंशी भाषाओं को भी राज्य की सह-भाषा बनाने की दिशा में कार्य किया जाएगा। नेपाली भाषा की फिल्मों को बढ़ावा देने के लिए पांच करोड़ रुपये के पुरस्कारों की घोषणा की जायेगी। नेपाली भाषा की फिल्मों को सब्सिडी दी जायेगी और नेपाली भाषा में एक रेडियो चैनल की भी शुरुआत की जायेगी।**

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि **पश्चिम बंगाल में भाजपा की सरकार बनते ही सरकारी कर्मचारियों को सातवाँ वेतन आयोग का लाभ दिया जाएगा।** शिक्षकों के वेतन को भी संशोधित किया जाएगा। **शरणार्थियों को सम्मान के साथ भारत की नागरिकता देने का काम भाजपा सरकार करेगी। हमारी सरकार आने पर चाहे कोयला माफिया हो, बालू माफिया हो, गौ-तस्कर हो, पानी टैंकर घोटाला हो या अम्फान का घोटाला हो, एक एसआईटी गठित कर सभी भ्रष्टाचारियों को क़ानून के दायरे में जेल की सलाखों के पीछे डाला जाएगा। तृणमूल सरकार में 130 से अधिक भाजपा कार्यकर्ताओं की निर्मम हत्या कर दी गई है, उन सभी हत्यारों को जेल की सलाखों के पीछे पहुंचाया जाएगा। तृणमूल सरकार में गोरखा भाइयों पर भी अत्याचार हुए हैं, गलत काम करने वाले किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।**

श्री शाह ने कहा कि **ममता दीदी तीन 'टी' (Three 'T') अर्थात् तानाशाही, तोलाबजी और तुष्टिकरण के मॉडल पर सरकार चला रही हैं जबकि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी तीन 'वी' (Three 'V') अर्थात् विकास, विश्वास और व्यापार के आधार पर सरकार चला रहे हैं।** दीदी के मन में बंगाल की कोई चिंता नहीं हैं, उन्हें तो बस अपने भतीजे की चिंता है। **दीदी अपने भतीजे को मुख्यमंत्री बनाना चाहती हैं। दीदी भतीजा कल्याण में विश्वास करती हैं जबकि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी पूरे पश्चिम बंगाल के कल्याण में विश्वास करते हैं। मुझे विश्वास है कि बंगाल की जनता भतीजा कल्याण वाली तृणमूल कांग्रेस की जगह बंगाल का कल्याण करने वाली भाजपा के पक्ष में मतदान करेगी।**

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि **पश्चिम बंगाल में जनता को हर काम के लिए तृणमूल कांग्रेस के कैडरों को कट मनी देना पड़ता है चाहे वह घर बनाना हो, एडमिशन हो, जॉब हो या फिर कोई अन्य काम लेकिन 02 मई को भाजपा सरकार बनने के बाद पश्चिम बंगाल की जनता को कोई कट मनी नहीं देना पड़ेगा।** हम बंगाल से सिंडिकेट के भ्रष्टाचार को जड़ से ख़त्म करके रहेंगे।

श्री शाह ने उत्तर बंगाल की जनता से अपील करते हुए कहा कि हर सीट पर भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों को भारी बहुमत से विजयी बनाएं और 'सोनार बांग्ला' के लक्ष्य को साकार करने में अपनी प्रमुख भूमिका निभाएं।

महेंद्र पांडेय
(कार्यालय सचिव)